## स्पीड न्यूज

### निदेशक पद पर संजीव ने दिया योगदान



मेदिनीनगर। संजीव कुजूर उप जनसंपर्क निदेशक, पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदभार ग्रहण किया। श्री कुजूर इसके पूर्व उप जनसंपर्क निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग (अतिरिक्त प्रभार उप जनसंपर्क निदेशक, कोल्हान प्रमंडल, चाईबासा) के पद पर पदस्थापित थे। संजीव कुजूर श्री आनंद (झासूसे), उप जनसंपर्क निदेशक पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर से पदभार ग्रहण किया।

### पूजा के मौके पर हुआ भक्ति जागरण



मेदिनीनगर। पांकी के सुड़ी भांग में सरस्वती पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भक्ति जागरण किया गया। जिसमें अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, गुड्डू यादव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कमेटी को 5100 की सहयोग राशि दी। मौके पर काशी यादव, योगेंद्र यादव, रामजन्म यादव, सूर्यदेव यादव, जितेंद्र यादव, भीम यादव, बिहारी यादव, कुंदन यादव व कमिटी के लोग भी थे।

### धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, धर्म ही सर्वोपरि है : नंद किशोर तिवारी



मेदिनीनगर। नवनिर्मित श्रीराम दरबार मंडप का उद्घाटन समारोह किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक नंद किशोर तिवारी ने पूजा अर्चना करने के बाद नवनिर्मित श्रीराम दरबार मंडप का उद्घाटन किया। सेवानिवृत शिक्षक नंद किशोर तिवारी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि जीवन में धर्म ही सर्वोपरि है। पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ को लेकर गुरुवार की शाम में हनुमत पूजा हुआ। यज्ञाचार्य पंडित उमेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराया। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्यामलाल तिवारी, अधिवक्ता बलराम तिवारी, श्रीराम जानकी मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष लव तिवारी, सचिव सच्चिदानंद तिवारी, कोषाध्यक्ष बुद्धनाथ तिवारी, महायज्ञ समिति के सचिव प्रदीप तिवारी, कोषाध्यक्ष शैलेश तिवारी, उपाध्यक्ष अजित तिवारी, राकेश तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, विद्या तिवारी भी थे।

### देवरानी संगीत महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनी सरस्वती पूजा



मेदिनीनगर। रेडमा, रांची रोड स्थित देवरानी संगीत कॉलेज में संगीत की देवी मां सरस्वती की आराधना पूजा धूमधाम से की गयी। निदेशक नीरज मिश्रा ने महाविद्यालय के बच्चों और उनके अभिभावकों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। संगीत गुरु सूरज मिश्रा और उनकी धर्म पत्नी प्रियंवदा मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना की। पूजन कार्यक्रम कराने आये संतन जी के मंत्रोच्चार से कॉलेज का वातावरण संगीतमय हो गया। मौके पर अनिष्का, अनुष्का, प्रत्यूष, प्रीतम, समृद्धि, अंजली, अंशु, यश, अंश, आयु, विनायक सहित कई बच्चों ने कॉलेज में आकर मां सरस्वती के चरणों में शीश झुकाये और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### विधायक ने की बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में तीन दिनों की बारिश ओलावृष्टि व आंधी से रब्बी फसल को भारी क्षति हुई है। साथ ही कई गांव में कच्चे मकान गिर गए हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि आंधी बारिश व ओलावृष्टि से हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में भारी क्षति हुई है। किसानों की गेहूं चना सरसों के अलावा सब्जी की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। साथ ही कई कच्चे घरों को भी गिरने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि वर्षा के अभाव में विधानसभा क्षेत्र में धान की फसल नहीं हो पाई थी। किसानों ने रब्बी पर उम्मीद लगाई थी, वह भी आंधी बारिश व ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई। किसान पूरी तरह से टूट गए हैं। विधायक श्री सिंह ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर किसानों की फसलों की जांच कराकर उचित मुआवजा अविलंब देने की मांग की है।उन्होंने पत्र में कहा है कि विभिन्न गांव में गिरे कच्चे मनान के मालिकों को चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अबूआ आवास का निर्माण कराने की मांग की है। कहा कि क्षतिग्रस्त हुए घरों की जगह आवास नहीं बना तो प्रभावित गरीब परिवार के लोग खुले आकाश के नीचे रहने को बाध्य होंगे।

### किसान ब्रिगेड ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



हैदरनगर (पलामू)। हाल में हुई बरसात और ओलावृष्टि से बर्बाद फसल के मुआवजे की मांग को लेकर किसान ब्रिगेड के एक प्रतिनिधिमंडल हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष भोला पासवान, किसान ब्रिगेड कोर कमेटी सदस्य सह महुअरी पंसस बद्रीनारायण सिंह, खरगड़ा मुखिया पति नागेंद्र मेहता, अजय सिंह, सत्यनारायण यादव, सुधीर सिंह, क्षेत्रीय किसान कमलेश सिंह व सुभाष कुमार ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व उक्त प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड क्षेत्र के चौकड़ी कुकही बिलासपुर सड़ेया व इमाम नगर बरेवा आदि पंचायतों का दौरा कर ओलावृष्टि और बारिश से प्रभावित किसानों से मिलकर फसलों के नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद बीडीओ को एक ज्ञापन सौंप नष्ट फसलों का निरीक्षण कर प्रदेश सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

## उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

# सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी सीडीपीओ एवं एलएस से पोषाहार वितरण की जानकारी ली तथा सभी को ससमय शत प्रतिशत पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सीडीपीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से संचालित कराने की बात कही।



**खास बातें :** उपायुक्त ने मातृत्व वंदना योजना की प्रखंड वार समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने बैठक में मौजूद सभी एलएस से दिये गये लक्ष्य के विरुद्ध अचीवमेंट की जानकारी ली। इस कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर छत्तरपुर के दो एलएस को शोकॉज किया गया। वहीं बायोमेट्रिक में अटेंडेंस कम रहने के कारण पाटन के भी एक एलएस को शोकॉज किया गया। इसी तरह सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पाया के जिले में 62 हजार लक्ष्य के विरुद्ध 58 हजार बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित किया गया है। इस दौरान उपायुक्त ने चैनपुर,पाटन व हुसैनाबाद के एलएस को इस कार्य में तेजी लाने की बात कही गयी। इसी तरह उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लक्ष्मी लाडली योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, सभी एलएस,समाज कल्याण के जीशान समेत अन्य उपस्थित थे। वहीं सभी सीडीपीओ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

# बायोमैट्रिक अटेंडेंस कम रहने पर बीपीएम का कटा वेतन, लेस्लीगंज के बीपीओ को शोकॉज

- डीसी ने समग्र शिक्षा अभियान के कार्यों की समीक्षा की, दिये निर्देश
- मिशन मोड में बच्चों का बैंक खाता खुलवाने के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी बीपीओ व बीपीएम का बायोमैट्रिक अटेंडेंस से अवगत हुए। पाया कि कई बीपीएम 11 बजे के बाद अटेंडेंस बनाये हैं वहीं कई ने शाम को अटेंडेंस क्लोज नहीं किया। इस दौरान उन्होंने सभी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि 11 बजे के बाद का अटेंडेंस नहीं माना जायेगा। बेहतर होगा आप सभी 10 बजे तक अपने कार्यस्थल पर पहुंचें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसी में लेस्लीगंज बीपीओ का कम अटेंडेंस रहने पर स्पष्टीकरण पूछा गया। वहीं मोहम्मदगंज बीपीएम रंजना भारती का अटेंडेंस कम रहने पर उनका 10 दिन का वेतन काटा गया। उपायुक्त ने वैसे पारा शिक्षक जिनका सभी स्तर का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूर्ण हो गया है उन सभी की सेवा संपुष्टि करने की बात कही।



**मिशन मोड में बच्चों का बैंक खाता खुलवाने के निर्देश :** बच्चों का बैंक खाता खोलने विषयक पर समीक्षा करते हुए उन्होंने इस कार्य को मिशन मोड में करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से बैंक खाता रहे यह सुनिश्चित हो। उन्होंने इस कार्य में एलडीएम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी योग्य बच्चों का खाता खुलवाने का निर्देश दिया। इसी तरह उपायुक्त ने पुस्तक वितरण, पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, एसएमसी ट्रेनिंग, पारा टीचर का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन, सहायक शिक्षकों का सेवा संपुष्टि आदि की समीक्षा कर कई निर्देश दिये। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार, उपरोक्त के अलावे सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

# घर में घुस अपराधियों ने महिला को मार दी गोली, स्थिति गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाहाता इलाके में अपराधियों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर एक 37 वर्षीय महिला को गोली मार दी गई। गोली महिला के गर्दन में लगी। गंभीर स्थिति में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली मारने वालों की पहचान हो गयी है। जानकारी के अनुसार गोली नावाहाता निवासी विश्वेश्वर गिरि की पुत्री मीनाक्षी देवी को मारी गई है। मीनाक्षी मायके में ही रहती है। गढ़वा जिले के भंडरिया में उसकी शादी हुई है।





गोली लगने से घायल का इलाज करते चिकित्सक और जांच में जुटी पुलिस।

**खास बातें :** उसका पति राजू गोस्वामी भी उसके साथ यहीं रहकर व्यवसाय करता है। उसके दो छोटे बच्चे हैं। गोली मारने वाले की पहचान संतोष गोस्वामी के रूप में हुई है। संतोष चार साल पहले विश्वेश्वर गिरि के घर में किराये पर रहता था। संतोष और उसका साला गोलू सुबह 10 बजे विश्वेश्वर गिरि के घर पहुंचे और मीनाक्षी को टारगेट कर गोली चला दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ श्री प्रसाद ने बताया कि घटना को अंजाम देनेवाले अपराधियों की पहचान हो गई है। गोली चलाने वाले संतोष और उसका साला गोलू फरार हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना के कारणों का पता लगा रही है। उन्होंने कहा कि संतोष गोस्वामी का आपराधिक इतिहास रहा है। हत्याकांड में जेल जा चुका है। गोली संतोष के साले गोलू ने चलायी। मीनाक्षी और उसके पिता ने घटना के कारण नहीं बताए हैं। पिता का कहना है कि कुछ महीने पहले जब पता चला कि संतोष का आपराधिक इतिहास है तो उसे घर से निकाल दिया था। अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संतोष और उसके साले को पकड़ने के लिए अलग अलग टीम लगायी गयी है। समाचार लिखे जाने तक महिला की हालत गंभीर बतायी गयी है।

# अपराधियों में पुलिसिया खौफ का बेहद अभाव: अरुणा शंकर

- महिलाओं पर हो रहा लगातार हमला चिंतनीय विषय
- पलामू के इतिहास में वर्षों से पहले शायद महिलाओं की एक दो घटना घटने का मामला आया था

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शुक्रवार को नावाहाता में महिला मीनाक्षी गिरी पर हुई हमला को चिंतनीय बताया है। नमिता देवी हत्याकांड के बाद घटी दूसरी घटना पर प्रतिक्रया देते हुए श्रीमती शंकर ने कहा कि पलामू मे बढ़ रहे अपराधिक घटना अपराधियों में पुलिसिया खौफ को दर्शाता है। श्रीमती शंकर ने कहा कि पलामू के इतिहास में वर्षों से पहले शायद महिलाओं की एक दो घटना घटने का मामला आया था। एक महिला की हत्या व दूसरे पर जानलेवा हमला की घटना होना आश्चर्यजनक है। पुलिस प्रशासन तत्काल ऐसी घटना का उदभेदन करें और आरोपी को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।

## अपराधियों की गतिविधि पर ईमानदारी से पहल की जरूरत



प्रथम महापौर ने कहा कि बहुत मुश्किल से पलामू के नकारात्मक छवि पूर्व सीएम रघुवर दास के समय खत्म हुई थी पर अब लगता है वह सारी चीज वापस होने लगी जिससे व्यवसायी मेदिनीनगर से पलायन की ओर जा सकते हैं। सरकार को इस पर मंथन करना चाहिए और एक ईमानदार पहल करते हुए अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## एक छात्रावास के उद्घाटन को लेकर दो गुट में पलामू कुशवाहा महासभा

- पलामू महासभा के असली और फर्जी जिलाध्यक्ष को लेकर घमसान

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पितांबरपुर पलामू। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू जिलाध्यक्ष सुनील कुशवाहा ने गुरुवार को नीलांबर पितांबरपुर के पांकी रोड स्थित आनंद ढाबा में प्रेस वार्ता कर कहा कि कुछ कथित अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के फर्जी जिलाध्यक्ष अजीत मेहता अपने को अध्यक्ष बताकर 13 फरवरी को महासभा के छात्रावास उद्घाटन समारोह में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता पर बिना सोचे समझे आरोप लगाकर बदनाम करना चाहते हैं। जो पलामू के कुशवाहा बंधु बर्दाश्त नहीं करेंगे। डॉ मेहता सर्वमान्य नेता हैं। इसके साथ पलामू जिला समेत पूरे झारखंड के कुशवाहा समाज डॉ मेहता के साथ है जहां तक बात रही छात्रावास उद्घाटन समारोह का तो मैं बता देना चाहता हूं कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का जमीन क्रय 24-06-1992 को हुआ है जिसका खाता 56 प्लॉट 1325 रकबा 0.8 डिसमिल है उक्त जमीन पर कुशवाहा बंधुओं के दान, आजीवन सदस्य एवं सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बनकर तैयार हुआ है।



## ज्ञान मेला में उमड़ी भीड़, विभिन्न प्रकार की झांकियां बनी आकर्षण

- ठाकुर साहब की याद में मेला का आयोजन होता है : लाल सूरज
- वीरों की धरती है ग्राम कोनवाई : प्रकाश मेहता
- बच्चों का ज्ञान है अदभुत : ओंकारनाथ जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

पांकी पलामू। सरस्वती पूजा पर पांकी प्रखंड के कोनवाई हाई स्कूल के मैदान में ज्ञान मेला लगा। ज्ञान मेला में प्रखंड के विभिन्न गांव मुहल्ले से मां सरस्वती की प्रतिमा को लेकर मेला स्थल पर पहुंच प्रर्दशन किया। बच्चों ने जहां ज्ञानवर्धक और आकर्षक झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। झांकी मेले में आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्य अतिथि विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता और निजी सचिव बच्चन ठाकुर, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने फीता काटकर ज्ञान मेला का उद्घाटन किया।



आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल भी शामिल थे। भाजपा पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि ठाकुर साहब की याद में हर वर्ष ज्ञान मेला का आयोजन किया जाता है।

### पाटन प्रखंड में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा



पाटन पलामू। प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्र में सरस्वती पूजा धुमधाम से मनायी गयी। प्रखंड के शिक्षण संस्थाओं एवं मंदिरों में मां सरस्वती की प्रतिमा रखकर पूजा किया गया। दो दिन तक पुरे पाटन प्रखंड में मां सरस्वती की पुजा में लीन रहने के बाद आज विभिन्न जलाशयों में मां सरस्वती की प्रतिमा को नम आंखों से विसर्जित कर दिया गया। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल हिसरा बरवाडीह में बच्चों ने मां सरस्वती की प्रतिमा रखकर पूजा अर्चना की। मौके पर बहादुर मेहता, अनुप, ललीत, राकेश, बादल, रिमा, मधु, अचल, निशु, शिबया, निशा थी।

### किराना दुकान का शटर काटकर की गयी चोरी

पांडू पलामू। पांडू ब्लॉक कार्यालय के नजदीक गुरुवार की देर रात अवधेश गुप्ता की किराना दुकान का शटर काटकर चोरों ने लाखों की सामग्री की चोरी कर ली। दुकान मालिक ने शुक्रवार को कहा कि दाल, काली मिर्च, रिफाइन के अलावा अन्य लगभग चार लाख रुपये की सामग्री चोरी हुई है। दुकान में थोक एवं खुदरा सामग्री बिकती थी। इसकी लिखित शिकायत पांडू थाना में की है। सूचना पर पांडू पुलिस मौके पर पहुंची और अनुसंधान में जुट गयी है। इधर, पांडू के व्यवसायों ने घटना पर नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही कहा कि नए थाना भवन में जब से पांडू थाना शिफ्ट हुआ है तब से पांडु बाजार असुरक्षित हो गया है। पांडू बाजार से थाना काफी दूर होने के कारण चोरों का मनोबल बढ़ गया है। लोगों ने पांडू बाजार को सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की है।

### बरसैता की महिला ने लगा ली फांसी, मौत



पाटन पलामू। प्रखंड के बरसैता निवासी इंद्रदेव मोची की पत्नी फुला देवी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार 65 वर्षीया फुला देवी बीती रात्रि अपने पति से झगड़ा किया था। आज सुबह उसने किसी को बिना बताये घर से निकली थी जब बहुत देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोन बीन शुरू की। खोजबीन के क्रम में फुला देवी हरसैन के पेड़ से लटकी हुई मिली। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पाटन पुलिस को दिया। सूचना पाकर पाटन पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि फुला देवी का कुछ महीनों से मानसिक संतुलन खराब था। वह हमेशा परिवार के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करती थी जिसके परिणामस्वरूप वह फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने बताया कि फुला देवी कल पाटन थाना में अपने परिवार के विरुद्ध शिकायत दर्ज भी कराई थी। मृतका के पांच लड़की एवं दो लड़के हैं वह परिजन के साथ रहती थी। पाटन पुलिस परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया है।

## ग्राम विकास पर आधारित सतबरवा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। ग्राम विकास पर आधारित सतबरवा प्रखंड कार्यालय के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया यह प्रशिक्षण रविवार तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी के साथ टीआरआईएफ संस्था के आकिब जावेद तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रोशन रंजन पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि गांव तथा पंचायत में टीआरआईएफ टीम योजनाओं का चयनित कर इसी के आधार पर एक साल तक क्रियान्वयन किया जायेगा। प्रमुख रीमा देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत की भूमिका सशक्त होनी चाहिए, ताकि गांव में सभी योजनाओं का क्रियान्वयन जरूरत के अनुसार हो सके।



### संगीता सिक्की कला वन आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका चयनित

पाटन पलामू। प्रखंड के सिकी कला वन आंगन बाड़ी केन्द्र में सेवीका के रूप में संगीता कुमारी पति छोटु सिंह को चयन किया गया। संगीता कुमारी का चयन अनुकंपा के आधार पर किया गया। पाटन सीडीपीओ अनीता कुमारी ने बताया कि सिकी वन की सेविका भागमनी देवी का कुछ समय पहले आकस्मिक निर्धन हो गया था जिसके चलते सेवीका का पद खाली हो गया था जिसके फलस्वरूप मृतक सेवीका की बहु संगीता कुमारी का विभागीय नियमनुसार किया गया।

## पंडवा : मैट्रिक-इंटरमीडिएट की परीक्षा आठवें दिन शांतिपूर्ण संपन्न

- पंडवा के दो परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के 776 व इंटर के 265 बच्चे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

पड़वा पलामू। झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा संचालित मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के आठवें दिन प्रखंड के दो परीक्षा केंद्र प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा में मैट्रिक के गणित के 436 बच्चों में से 431व मध्य विद्यालय पंडवा में मैट्रिक में 347 में 345 विद्यार्थी व इंटरमीडिएट के भूगोल व एकाउंटेंसी के 265 बच्चे शामिल हुए। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने मध्य विद्यालय पंडवा में इंटर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षक रोहित कुमार को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में बच्चे नकल न करें इसका ध्यान रखें। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पूर्व बच्चों का गहनता से जांच करें।



# विश्रामपुर क्षेत्र के चार केंद्रों पर मैट्रिक व इंटर की हो रही कदाचारमुक्त परीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर क्षेत्र में चार केंद्रों पर मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कदाचारमुक्त संचालित की जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की नजर में हो रहा है। रेहला लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला कॉलेज केंद्र के केंद्राधीक्षक विकास पटेल और दंडाधिकारी पप्पू कुमार ने बताया कि मैट्रिक में कुल 1052 परीक्षार्थी हैं, जिसमें से आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर में 1347 छात्र छात्रा परीक्षा दे रहे हैं,जिसमे से 16 छात्र छात्रा अनुपस्थित रह रहे हैं। विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक भोला राय और दंडाधिकारी ओम प्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि मैट्रिक में कुल 629 परीक्षार्थी हैं, लेकिन इसमें से छः अनुपस्थित रह रहे हैं। वहीं इंटर में कुल 784 परीक्षार्थी हैं,जिसमे से चार अनुपस्थित रह रहे हैं। संत तुलसीदास कॉलेज के केंद्राधीक्षक रितेश कुमार और दंडाधिकारी संगम कुमार ने बताया कि इंटर के कुल 957 परीक्षार्थी हैं। रेहला जे बी उच्च विद्यालय में भी मैट्रिक व इंटर का परीक्षा कदाचारमुक्त चल रहा है। परीक्षा केंद्रों के सफल संचालन में सुनील सिंह, आलोक सिंह, धीरज कुमार, तारकेश्वर विश्वकर्मा, नीरज मिश्रा, अरुण सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, मनोज कुमार, सआई सहदेव कपड़ दार, सुनील कुमार, अनुराग सिंह, जुमाल हेंब्रम सहित कई कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।



# पेड़ के नीचे मिले लावारिस नवजात को ग्रामीणों ने बाल संरक्षण टीम को सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। सेहरा- बोहिता सड़क के किनारे महुआ पेड़ के नीचे गुरुवार को सुबह मिली नवजात शिशु को सेहरा गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को भारी मन से जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को सौंप दिया। ग्रामीणों का कहना है कि निःसंतान दंपति संतोष और चिंता देवी ने बच्ची को देवी का स्वरूप मानकर अपना लिया था। शुक्रवार का दिन गांव वासियों के लिए काला अध्याय के रूप में साबित हुआ। जबकि बच्ची के लालन पालन के लिए पूरा गांव तैयार था। सामाजिक कार्यकर्ता श्याम बिहारी प्रसाद ने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं, इस गांव के लोगों ने देवी समझकर बच्ची को देखरेख करने का जिम्मा उठाया था। मुखिया कलावती देवी ने बताया कि बच्ची जहां भी रहे खुशहाल रहे। हम लोगों ने नवजात को पालन पोषण का जिम्मा संतोष और चिंता को दिया था, परंतु भगवान की मर्जी नहीं थी। सामाजिक कार्यकर्ता लाल बिहारी प्रसाद ने बताया कि भगवान बच्ची को काफी खुश रखे। वहीं बच्ची को बाल संगठन पदाधिकारी के द्वारा ले जाने के समय कई ग्रामीणों की आंखों से आंसू निकल आये। इधर, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि बच्ची को मेदिनीनगर के राजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में में जांचोपरांत नवजात की स्थिति ठीक होने पर जिला बाल कल्याण समिति को परवरिश करने के लिए सौंप दी जायेगी।



बच्ची को ले जाने के लिए गांव पहुंची बाल संरक्षण की टीम।

